आईआईटी बीएचयू में भी हिन्दी में होगा कामकाज

वाराणसी | निज संवाददाता

तैयारी

- हिंदी पखवाड़ा के दौरान निदेशक ने की अपील
- कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे

आईआईटी बीएचयू अब हिंदी में कार्यालयी कामकाज को बढ़ावा देगा। हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर शनिवार को संस्थान के निदेशक प्रो. पीके जैन ने कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. जैन ने कहा कि व्यापार और अर्थव्यवस्था में हिन्दी को प्राथमिकता देनी होगी।

उन्होंने हिन्दी में तकनीकी कार्यशाला कराने पर जोर दिया। संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी भाषा न सिर्फ बोलचाल बल्कि कार्यालयी काम काज में भी प्रयुक्त हो रही है। संयुक्त कुलसचिव राजन श्रीवास्तव ने बीते साल संस्थान के हिन्दी में किये गए कार्यों का ब्योरा दिया। स्वागत सुशांत कुमार श्रीवास्तव, धन्यवाद संयुक्त कुलसचिव राजन श्रीवास्तव तथा संचालन सहायक कुलसचिव गंगेश शाह ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद के संयोजक जगदीश नारायण राय, बीएन राय, राजीव प्रकाश उपस्थित थे। बीएचयू के लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में भी हिन्दी पखवाड़ा मना। छात्रावास के प्रशासनिक संरक्षक डॉ. बाला लखेन्द्र ने कहा कि हिन्दी से ही राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। मुख्य वक्ता डॉ. शिवलोचन शांडिल्य थे।